राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व॰ अटल बिहारी वाजपेयी के संदेशों को जीवन में उतारने का अनुरोध किया

पटना, 25 दिसम्बर 2018

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व॰ अटल बिहारी वाजपेयी की जयन्ती के अवसर पर उन्हें अपनी भावांजलि देते हुए कहा है कि किसी महान व्यक्तित्व को याद करने का मतलब उनकी सीख और संदेशों को याद कर उनपर अमल करना होता है।

आज राजभवन में कुछ मीडिया–प्रतिनिधियों से बातें करते हुए राज्यपाल श्री टंडन ने कहा कि सामाजिक समरसता, भाईचारा, अन्याय के विरूद्ध संघर्ष और अपने पैरों पर खड़ा होने की शक्ति –ये सारे संदेश हमें अटल जी के व्यक्तित्व से मिलते हैं। आज पूरे विश्व में भारत की जो प्रतिष्ठा बन गई है, देश भर में विकास की जो धारा बह रही है, वह सब अटल जी के बताये रास्ते पर ही चलने का सुपरिणाम है।

राज्यपाल श्री टंडन ने स्व॰ अटल जी को याद करते हुए कहा कि अटल जी की कविताओं से शांति, सद्भावना, सहअस्तित्व और भाईचारा का अनुपम संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि अटल जी को पूरे देश के लोग और सभी दलों के नेता काफी सम्मान देते थे। अटल जी देशभर में लोकप्रिय थे। पूरे विश्वभर में उनके कई मित्र राजनेता थे। उन्होंने अपनी विदेश नीति से सबका मन मोह लिया था और भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाई थी। राज्यपाल ने अटल जी की जयन्ती पर उन्हें विनम्र भावांजलि निवेदित की है।

....